नाम - राम प्रसाद (Assist. Prof.) Date - 23/07/2021
कालेज - ~~T.N.A.T.C.~~ T.N.A.T.T.C. Hajigaon
Sub - Pedagogy of Biological Science
Class - B.Ed. (first year)

## अन्वेषण विधि (Heuristic Method)

Heuristic शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के Heurisko शब्द से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ है To find खोज करना। इस प्रकार ह्यूरिस्टिक विधि वह विधि है, जिसमें कुछ खोज की जाती है। इस विधि का प्रतिपादन प्रो. हेनरी एडवर्ड आर्मस्ट्रांग ने विज्ञान शिक्षण के लिए किया था।
आर्मस्ट्रांग के अनुसार- यह शिक्षण की वह विधि है, जो छात्र को यथा सम्भव खोजकर्ता के दृष्टिकोण में रख देती है।

अन्वेषण विधि की प्रक्रिया :
इस विधि में सर्वप्रथम जैविक विज्ञान - शिक्षक छात्रों के समक्ष समस्या प्रस्तुत करता है। तदउपरान्त शिक्षक छात्रों के लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार करता है, जिसमें सहायक सामग्री, यन्त्र आदि उपलब्ध कराना सम्मिलित है, जिनका उपयोग छात्रों को समस्याओं के हल करने में करना है। इसमें अध्यापक का मुख्य कार्य छात्रों का मार्गदर्शन मात्र करना होता है, जिससे छात्र नवीन नियम / सूत्र / सिद्धान्त अथवा

Scanned By Scanner Go

PAGE NO. :
DATE : / /

किसी समस्या के हल स्वयं अपने प्रयासों से खोज सकें। इसमे किसी नियम / सूत्र / सिद्धान्त अथवा किसी समस्या का हल खोजने में छात्रों की आयु, मानसिक योग्यता और उपयमता को भी ध्यान रखना भौतिक विज्ञान शिक्षक का दायित्व है। इस प्रकार इस विधि में छात्र स्वयं अन्वेषक के रूप मे कार्य करते हुए नियम / सूत्र / सिद्धान्त अथवा किसी समस्या का समाधान खोजते हैं।

अन्वेषण विधि के पद :-
( Teaching steps of Heuristic Method)

1. समस्या का प्रस्तुतीकरण ( Representation of the Problem)

2. तथ्यों की खोज ( Search of facts)

3. परिकल्पनाओं का निर्माण ( Formation of Hypothesis )

4. परिकल्पनाओं का परीक्षण ( Testing of Hypothesis)

5. नियम / निष्कर्ष निकालना ( Generalization / Drawing a rule)

Scanned By Scanner Go